मन मोहिनी सी सुरतीया श्री राज प्यारे जू
सखी देख देख हरखतियां श्री राज प्यारे जू

1- ये नैन सदा सुखदाई,शोभा बरनी न जाई
बांकी बांकी चितवनीया,श्री राज प्यारे जू

2- रसना है प्यारी प्यारी, मैं जाऊँ वारी वारी
तोरी मीठी मीठी बतियां,श्री राज प्यारे जू

3- मुख में तम्बोल की लाली,है अदभुत और निराली
मन मोहिनी सी फबनीया,श्री राज प्यारे जू

4-अधरों की लालक न्यारी,मोहे भा गई छवि तिहारी
तोरी मंद मंद मुसकनीयां,श्री राज प्यारे जू

5- ये केश हैं अति घनेरे, मैं निरखूं सांझ सवेरे
घुंघराली सी लटकनीया,श्री राज प्यारे जू

6- है संग में श्यामा रानी,सब सखियों में महारानी
इस युगल स्वरूप पे मैं जाऊँ बलिहार प्यारे जू

Nijanand App